# सैकेंडरी स्कूल परीक्षा

## मार्च – 2018

## अंक-योजना – हिंदी ('ब') कोड संख्या 4/1, 4/2, 4/3

सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।

**विशेष निर्देश :**

**माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. परीक्षकों के साथ जब तक प्रथम दिन वैयक्तिक अथवा सामूहिक रूप से अंक-योजना पर भली-भाँति विचार-विनिमय नहीं हो जाता तब तक मूल्यांकन आरंभ न कराया जाए।
2. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। अंक-योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं। यदि परीक्षार्थी ने इनसे भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दिए हैं तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।
3. मूल्यांकन-कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक-योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।
4. प्रश्न के उपभागों के उत्तरों पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ, बाद में उपभागों के इन अंकों के योग को बाईं ओर हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए।
5. यदि प्रश्न का कोई उपभाग नहीं है तो उस पर बाईं ओर ही अंक दिए जाएँ।
6. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है और किसी को काटा नहीं हैं तो जहाँ उत्तर अधिक अच्छा लिखा गया है, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें।
7. प्रश्नों के उत्तर यदि बिंदुओं में अपेक्षित हो, और परीक्षार्थी अपेक्षा से अधिक बिंदुओं का उल्लेख करे तो सही बिंदु / बिंदुओं पर अंक दें और शेष / अनुपयुक्त बिंदुओं को काट दें।
8. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटें।
9. शब्द-सीमा से अधिक शब्द होने पर भी अंक न काटे जाएँ।
10. प्राय: यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि परीक्षक सहानुभूति में 30 % अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 33 % अंक देकर उत्तीर्ण कर देते हैं, या कहीं एक अंक केवल इस आधार पर काट लेते हैं कि पूरे अंक नहीं दिए जा सकते। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने - 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात् परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक भी दिए जा सकते हैं।
11. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि कोई उत्तर पूर्णत: गलत मिलता है तो उस उत्तर पर गलत (✕) चिह्नित कर शून्य (0) अंक दिए जाएँ।

अंक-योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड - 'क'** | |
| 1 | 1 (क) | 2 (क) | 1 (घ) | • खुशी / प्रसन्नता के भाव से<br>• स्वस्थ रहने से | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ङ) | • इससे आयु बढ़ती है।<br>• बीमारियों / रोगों से दूर रहते हैं। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ख) | शोक व दुख की दीवारों को ढहाने में सक्षम होने के कारण | 2 |
| | (घ) | (घ) | (ग) | • हँसी का महत्व<br>• हँसने से आयु में वृद्धि होना; खीझने से आयु कम होना | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (क) | (अर्थपूर्ण व उचित शीर्षक स्वीकार्य) | 1 |
| 2 | 2 (क) | 1 (क) | 2 (ग) | • संकटों का हँसकर सामना करना<br>• नवयुग का निर्माण करना<br>• स्वयं की क्षमताओं को पहचानना<br>• चुनौतियों को स्वीकार करना<br>• उपेक्षित वर्ग का सहारा बनना<br>• जातिगत भेद-भाव व रूढ़ियों को समाप्त करना<br>• वसुधा की रक्षा करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | (ख) | (ख) | (क) | • वसुधा की रक्षा करके<br>• लोक-कल्याण करके<br>• जातिगत भेदभाव, रूढ़ियों की समाप्ति के लिए अपना जीवन समर्पित करके<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ख) | जो दुनिया के कष्टों एवं चुनौतियों रूपी विष का पान करते हैं, वही दुनिया को बेहतर बनाते हैं। एक सुंदर एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण करते हैं। | 2 |
| | | | | **खंड-'ख'** | |
| 3 | 3 | 5 | 5 | • वाक्य में प्रयुक्त होने पर शब्द पद बन जाता है।<br>शब्द – मोहन, पुस्तक, पढ़ता<br>पद – <u>मोहन</u> <u>पुस्तक</u> <u>पढ़ता</u> है। | 1+1=2 |
| 4 | 4<br>(क) | 6<br>(ख) | 3<br>(ग) | जापान में चाय पीने की एक विधि को 'चा-नो-यू' कहते हैं। | 1 |
| | (ख) | (ग) | (क) | ज्योंही / जैसे ही वामीरो ने तताँरा को देखा त्योंही / वैसे ही वह फूट-फूट कर रोने लगी। | 1 |
| | (ग) | (क) | (ख) | तताँरा की आँखें व्याकुल थीं और वे वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 5 | 5 | 7 | 4 | | |
| | (क) | (ख) | (क) | • जनांदोलन / जन–आंदोलन – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | • नीलकमल – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ख) | (क) | (ख) | • नव (नई) है जो निधि – कर्मधारय समास<br>या<br>नव / नौ निधियों का समूह / समाहार – द्विगु समास | ½ +½ =1 |
| | | | | • समय के अनुसार – अव्ययी भाव समास | ½ +½ =1 |
| 6 | 6 | 4 | 7 | | |
| | (क) | (घ) | (ख) | वह गुनगुने पानी से स्नान करता है।<br>या<br>वह गर्म पानी से स्नान करता है। | 1 |
| | (ख) | (ग) | (क) | माताजी बाज़ार गई हैं। | 1 |
| | (ग) | (ख) | (घ) | अपराधी को मृत्युदंड मिलना चाहिए।<br>या<br>अपराधी को मौत की सज़ा मिलनी चाहिए। | 1 |
| | (घ) | (क) | (ग) | मैं अपना काम कर लूँगा। | 1 |
| 7 | 7 | 3 | 6 | (अर्थपूर्ण वाक्यों पर अंक अपेक्षित) | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड-'ग'** | |
| 8 | 8 | 11 | 10 | | |
| | (क) | (ग) | (ख) | दो भिन्न गाँवों में विवाह संबंध निषेध के कारण तताँरा-वामीरो को प्राण गँवाने पड़े और द्वीप के दो टुकड़े हो गए।<br>परिणामस्वरूप ये बंधन बन जाने वाली रूढ़ि तोड़ दी गई। | 2 |
| | (ख) | (क) | (ग) | • भावनात्मक शोषण के लिए<br>• व्यावसायिक दृष्टि से लाभ कमाने के लिए | 1+1=2 |
| | (ग) | (ख) | (क) | कुत्ते द्वारा उँगली काटे जाने के कारण | 1 |
| 9 | 9 | 12 अथवा | 11 | • रटंत विद्या पर बल<br>• परीक्षा पास करना ही योग्यता का आधार मानना<br>• केवल पुस्तकीय ज्ञान पर बल<br>• तार्किक एवं स्वतंत्र चिंतन का अभाव<br>• समुचित मूल्यांकन का अभाव<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>समाधान – (छात्रों द्वारा दिए गए उपयुक्त सुझाव स्वीकार्य) | 3+2=5 |
| | अथवा | 12 | अथवा | प्रभाव –<br>• जीव-जंतुओं का आश्रय छिन जाना<br>• विभिन्न प्रजातियों का लुप्त होना | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • मनुष्य का डिब्बे जैसे घरों में बँधकर रह जाना<br>• प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की अंधी दौड़, लालच बढ़ना<br>• प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा होना<br>• बढ़ते प्रदूषण के कारण नित नए रोगों से ग्रस्त होना<br>• संवेदनहीनता व स्वार्थपरता में वृद्धि होना<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>समाधान – (छात्रों द्वारा दिए गए उपयुक्त सुझाव स्वीकार्य) | 3+2=5 |
| 10 | 10<br>(क) | 8<br>(ग) | 12<br>(ख) | दीपक – आस्था / आत्मा / प्रेम<br>प्रियतम – ईश्वर / परमात्मा | 1+1=2 |
| | (ख) | (क) | (ग) | • पर्वतों का विशाल आकार तथा मेखलाकार / गोलाकार होना<br>• असंख्य पुष्पों से सुसज्जित होना | 1+1=2 |
| | (ग) | (ख) | (क) | प्रचंड गर्मी से व्याकुल जीव-जंतुओं का आपसी शत्रुता भुलाकर एक जगह शांतिपूर्वक रहने के कारण | 1 |
| 11 | 11 | 9 | 9 | • भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित गीत<br>• वीर सैनिकों के हृदय के भावों की अभिव्यक्ति<br>• सैनिकों को अपने कार्यों पर गौरव की अनुभूति<br>• देश को सुरक्षित रखने का संकल्प | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • देश की सुरक्षा का दायित्व नई पीढ़ी को सौंपना<br>• अन्य सैनिकों व देशवासियों से देश की आन-बान-शान की रक्षा करने की अपेक्षा<br>(किन्हीं पाँच बिंदुओं को उल्लेख अपेक्षित) | 5 |
| | अथवा | अथवा | अथवा | • मनुष्य होने के लिए मानवीय गुण आवश्यक<br>• प्रेम, एकता, दया, करुणा, परोपकार, सहानुभूति व उदारता का संदेश<br>• दधीचि, कर्ण, रंतिदेव, महात्मा बुद्ध आदि का उदाहरण देकर दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा<br>• अहंकार की भावना का त्याग<br>• मनुष्य-मात्र को बंधु मानते हुए परस्पर सहयोग की भावना<br>• एकमत होकर आगे बढ़ना<br>(किन्हीं पाँच बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 5 |
| 12 | 12 | 10<br>अथवा | 8 | • मित्रता में जाति व धर्म के बंधन का न होना<br>• सामाजिक सौहार्द्र में सहायक होना<br>• भाषा और संस्कृति को जोड़ने में सहायक होना<br>• मित्रता का परिवारिक व सामाजिक स्तर-भेद से परे होना<br>(छात्रों द्वारा दिए गए जीवन-मूल्य संबंधी अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 5 |
| | अथवा | 10 | अथवा | <u>महंतों से अपेक्षा</u><br>• धर्म की सही शिक्षा दें | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • भटके हुए लोगों को सही मार्ग दिखाएँ<br>• लोगों में सद्गुणों का विकास करें<br>• धर्मानुसार उचित आचरण करें<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) 2 अंक<br>टिप्पणी – (उपयुक्त टिप्पणी स्वीकार्य) 3 अंक | 2+3=5 |
| | | | | **खंड – 'घ'** | |
| 13 | 13 | 17 | 16 | अनुच्छेद-लेखन<br>• विषयवस्तु – 3<br>• प्रस्तुति – 1<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 14 | 14 | 16 | 15 | पत्र-लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 15 | 15 | 13 | 14 | सूचना-लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | 5 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 16 | 16 | 14 | 17 | संवाद-लेखन<br>• प्रस्तुति – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 17 | 17 | 15 | 13 | विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषा – 1 | 5 |